डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0 )

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / सा0प्र0 / 2025 / 308

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2025

## अधिसूचना

## 30वां दीक्षान्त समारोह दिनांक : 13, अक्टूबर, 2025

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सम्पन्न होना सुनिश्चित है। एतदक्रम में ध्यातव्य है किः–

1. पी–एच0डी0 / डी–लिट0 उपाधि धारक तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातकोत्तर तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधि पत्र एवं विभिन्न संकायो तथा विषयों में प्रथम प्रयास में प्रथम श्रेणी के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को दिनांक : 10–12 अक्टूबर, 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक परीक्षा विभाग / शोध विभाग से उपाधि एवं दीक्षान्त वेशभूषा (उत्तरीय) का वितरण विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकल विन्डो, निकट भारतीय स्टेट बैंक से प्रदान किया जायेगें।
2. विभिन्न संकायों / विषयों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rmlu.ac.in पर अपलोड है।
3. सभी उपाधि धारकों एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समारोह में प्रतिभाग करनें हेतु अपनी उपाधि एवं परिधान निर्धारित तिथियों में निर्धारित स्थान से प्राप्त करनें का कष्ट करें।
4. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है दिनांक : 11.10.2025 को अपरान्ह् 03:00 बजे एवं दिनांक : 12.10.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे दीक्षान्त समारोह के रिहर्सल में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें तथा दिनांक : 13.10.2025 को दीक्षान्त समारोह स्थल स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह पर पूर्वान्ह् 09:00 बजे तक अवश्य उपस्थित हो जायें।
5. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं के अतिरिक्त अन्य उपाधि धारक छात्र / छात्राओं व शोध धारकों से अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह स्थल (स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह) पर दिनांक : 13.10.2025 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे तक अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें।
6. 30वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्तकर्ता एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि निर्धारित परिधान धारण कर समारोह में उपस्थित होने का कष्ट करें।
7. समारोह स्थल में मोबाईल अथवा अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबन्धित रहेगा।

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव

*प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–*

1. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयक।
2. कुलानुशासक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. परीक्षा नियंत्रक / उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी / प्रधान सहायक समस्त अनुभाग।
4. मीडिया प्रभारी को उपर्युक्त सूचना को समाचार पत्रो में निःशुल्क प्रकाशित कराए जाने हेतु
5. प्रोग्रामर ई0डी0पी0 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. निजी सचिव कुलपति को, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
7. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव को वित्त अधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. पत्रावली।

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव